प्रेस नोट दिनांक 17.08.2019 **साइबर सेल जनपद आगरा।**

पब्लिक सेक्टर यूनिट(PSU) में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के सरगना सहित 04 साइबर अपराधियों को साइबर सेल आगरा ने गिरफ्तार किया।

शिकायतकर्ता दीपक सोलंकी निवासी ताजगंज आगरा, अमित कुमार निवासी कानपुर उ.प्र., रोहन नेहरा निवासी- मेरठ, पूतन सिंह निवासी फतेहपुर उ.प्र., अतुल कुमार निवासी अमेठी तथा अंकेश कुमार बिहार ने श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आगरा श्री बबलू कुमार को शिकायती प्रार्थना पत्र दिये कि फेसबुक पर **GAIL INDIA, NTPC, BEL, AIRPORT INIDA व BHEL** में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर हम लोगों से 60-60 हजार रू लेकर हमारे साथ ठगी कर ली गयी है। इस सम्बन्ध में थाना ताजगंज पर मु.अ.सं. 0804/2019 धारा 420 IPC व 66D IT Act. तथा थाना रकाबगंज पर मु.अ.सं. 0257/2019 धारा 420 IPC व 66D IT Act., मु.अ.सं. 0259/2019 धारा 420 IPC व 66D IT Act. पर पंजीकृत की गयी।

इस सम्बन्ध में शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा श्री बबलू कुमार द्वारा आगरा साइबर सेल को फर्जी फेसबुक के माध्यम से नौकरी लगवाने वाले गैंग को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी हेतु मार्गदर्शन कर शीघ्र कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

साइबर क्राइम सेल आगरा द्वारा उपरोक्त पंजीकृत मुकद्दमों में प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जानकारी प्राप्त की गयी तथा उनके नाम व पतों को तस्दीक किया गया तो वह सभी फर्जी पाये गये। इस अपराध में शामिल अपराधी अत्यधिक शातिर थे, जिन्होंने सिम कार्ड से लेकर बैंक खातों के लिए फर्जी अभिलेखों का इस्तेमाल किया था। इस प्रकार अपराधियों को चिन्हित करना कठिन चुनौती थी, इस चुनौती को देखते हुए टीम ने उन खातों की पहचान की जिनमें रकम का हस्तानान्तरण किया जा रहा था, इनमें अधिकांश खातें हरिद्वार उत्तराखण्ड तथा 02 खातें आगरा की ब्राँचों में संचालित हैं, जिनमें रूपये लेकर ATM के माध्यम से निकासी उत्तराखण्ड व आगरा, मथुरा से कर ली जाती है।

- **कार्यप्रणाली-**

गैंग के सरगना मुकेश व बालकिशन अपने स्मार्टफोनों में विभिन्न कंपनियों के HR Manager (GAIL, BHEL,NTPC,BEL,AIRPORT INDIA) के नाम से फर्जी Facebook id जैसे- Jaismin singh, GAIL INDIA, HR Trilok Chand (BHEL), Kishab Baghel HR (BEL), HR surendra kant (BHEL), HR Swati Sharma (Airport India), HR gulab singh (GAIL INDIA), devendra singh HR(NTPC), Suresh chand gupta (NTPC) , B.M SOLANKI (GAIL) आदि बनाकर 10^{th} , 12^{th} . डिप्लोमा व बीटेक इंजीनियर को GAIL, BHEL,BEL, Airport India व NTPC में सरकारी नौकरी तथा हीरो मोटो कॉर्प व अन्य प्राइवेट कंपनियों में नौकरी लगवाने के नाम पर झांसा देकर देश के विभिन्न राज्यों (उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, महाराष्ट्र,कन्याकुमारी,गुजरात, हरियाणा राजस्थान, हिमाचल प्रदेश) तथा उत्तर प्रदेश के जिलों आगरा, कानपुर, मेरठ, गाजीपुर, बनारस, सहारनपुर, रायबरेली,फतेहपुर, नोएडा आदि जिलों के लोगों से फेसबुक के माध्यम से सम्पर्क कर उनको अपने व गैंग सदस्य मधु उर्फ जैशमिन का नम्बर उपलब्ध कराकर कॉल व WhatsApp पर लोगों से उनके बायोडाटा व शैक्षणिक दस्तावेज मंगाकर उनको झाँसा देकर सरकारी व

प्राइवेट नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करते थे। इस गैंग के सरगना मुकेश सहित चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

ये लोग अलग-अलग शहरों में किराये पर मकान लेकर रैन्ट एग्रीमेन्ट के आधार पर ID बनवाकर, उनके आधार पर बैंक खाते खुलवाकर व मोबाइल सिम लेकर, सरकारी व प्राइवेट नौकरी लगवाने के एवज में उनसे 40 हजार रू से लेकर 60,000 रू तक एडवांस के रूप में प्राप्त कर ठगी करते हैं, एडवांस के लेने के समय उन लोगों से बोलते हैं कि 03 महीने बाद आपकी नौकरी लग जायेगी फिर यह गैंग उन फर्जी पतों पर लिये गये मोबाइल नं. व फर्जी फेसबुक ids को बन्द कर देते हैं। इनके द्वारा अभी तक किसी भी व्यक्ति की कोई भी नौकरी नहीं लगवाई गयी है।

यह गैंग आगरा में माह जुलाई 2019 में हरिद्वार उत्तराखण्ड से शिफ्ट हुआ है। इससे पूर्व यह गैंग उत्तराखंड में रहकर करीब 02 वर्षों तक इसी तरह लोगों से ठगी कर रहा था। इस गैंग को मुकेश व बालकिशन ही पार्टनरशिप में चलाते हैं। आगरा में आने के बाद मुकेश ने जुलाई 2019 में मधु उर्फ जैस्मीन व उसके पति नोएल जीन्स को भी इस गैंग में शामिल कर लिया।

- **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-**

1. मुकेश पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी-कुबेरपुर, रहनकला थाना एत्मादपुर जनपद आगरा हाल निवासी- राम नगर कॉलोनी, ज्वालापुर हरिद्वार उत्तराखण्ड। (उम्र-34 वर्ष)
2. बालकिशन पुत्र रामकिशन कुशवाह निवासी- माथुर वैश्य धर्मशाला के बराबर वाली गली में रामनगर फिरोजाबाद, हाल जवाहर पुरम पानी की टंकी थाना शाहगंज आगरा व आर्यनगर कॉलोनी, ज्वालापुर हरिद्वार उत्तराखण्ड। (उम्र-36 वर्ष)
3. नोयल जीन्स पुत्र स्टोफर जीन्स निवासी- नवीन कुंज, झूलेलाल मन्दिर, अर्जुन नगर थाना शाहगंज आगरा हाल निवासी- गोविन्द नगर कॉलोनी,नगला कली, थाना ताजगंज आगरा (उम्र-41 वर्ष)
4. मधु उर्फ जैशमिन पत्नि नोयल जीन्स पुत्र स्टोफर जीन्स निवासी- नवीन कुंज, झूलेलाल मन्दिर, अर्जुन नगर थाना शाहगंज आगरा हाल निवासी- गोविन्द नगर कॉलोनी,नगला कली, थाना ताजगंज आगरा (उम्र-31 वर्ष)

- **बरामदगी विवरणः-**

1. नगदी 02,00,870/-, मोबाइल फोन 10, सिम कार्ड 24, ATM कार्ड 18, आधार कार्ड 10
2. पेन कार्ड 05, बैंक पासबुक 16, बैंक चेकबुक 08, ड्राइविंग लाइसेंस 05, वोटर ID कार्ड 06, रजिस्टर 07, पॉकेट डायरी 11, सोने के आभूषण 05, मोटरसाइकिल 02
3. विभिन्न प्रदेशों के लोगों का बायोडाटा व शैक्षणिक दस्तावेज

अन्य विवरणः- मुकेश व बालकिशन ने ठगी के रूपये लेने के लिए हरिद्वार उत्तराखण्ड की विभिन्न बैंक ब्रॉचों BOI, Canara, Dena, Andhra, Syndicate, BOB में खाते खुलवा रखे थे तथा आगरा स्थित बैंक ब्रॉचों BOB. Canara, Andhra में भी खाते खुलवाये हुए थे।

- **विवरण पुलिस टीमः-**

01- प्रभारी निरीक्षक थाना ताजगंज अनुज कुमार,उ.नि. सोनू कुमार,म.आरक्षी-सुनीता व प्रभारी साइबर सेल उ.नि. अमित कुमार, आरक्षी विजय तोमर,बबलू कुमार,इन्तजार,जितेन्द्र।

<u>मीडिया सेल आगरा पुलिस।</u>